
# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुरू किया 'आजादी का अमृत महोत्सव'

## सशस्त्र बलों और रक्षा मंत्रालय ने आज से शुरू किये कई तरह के देशव्यापी कार्यक्रम

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

रक्षा मंत्रालय के अधीन सशस्त्र बल और विभिन्न संगठन भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर देश भर में 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए कई तरह के आयोजन कर रहे हैं। इसी क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को औपचारिक रूप से वर्चुअल कई कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इन कार्यक्रमों में सीमा सड़क संगठन, भारतीय तटरक्षक, भारतीय नौसेना, थल सेना, एनसीसी कैडेट्स शामिल होंगे। इसके अलावा डीआरडीओ के वैज्ञानिकों की एक टीम स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए सीमा क्षेत्र के गांवों में जाएगी। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) देश के 75 महत्वपूर्ण पहाड़ी मार्गों और अन्य स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सीमा के बुनियादी ढांचे के विकास में अपने संकल्प को प्रदर्शित करेगा। बीआरओ की 75 टीमें आज ही इन सुदूर पहाड़ी मार्गों के लिए रवाना होंगी। उनमें से सबसे प्रमुख 'उमलिंगला दर्रा' है, जो पूर्वी लद्दाख में 19,300 फीट पर दुनिया की सबसे ऊंची वाहन चलाने योग्य सड़क है। मित्र देशों के अलावा पूर्वोत्तर में अटल सुरंग, रोहतांग और ढोला सादिया ब्रिज जैसे प्रमुख स्थलों पर भी तिरंगा फहराया जाएगा।




भारतीय तटरक्षक 15 अगस्त को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत पूरे भारत में 100 द्वीपों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएगा। यह कार्यक्रम 13 अगस्त यानी आज से शुरू होगा।

भारतीय नौसेना के जवान, उनके परिवार और नौसेना अधिकारी नई दिल्ली स्थित मेस वरुण में आजादी की दौड़ में भाग लेंगे। रक्षा मंत्री ने आभासी तरीके से फ्रीडम रन को हरी झंडी दिखाई। यह दौड़ 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए आज देश भर में लॉन्च किए गए फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का हिस्सा है।

आम नागरिकों के बीच गर्व और विश्वास की भावना पैदा करने के लिए भारतीय सेना की टीमें 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए 75 पर्वतीय दर्रों को पार करेंगी। रक्षा मंत्री ने आज ही इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर सेना की टीमों को रवाना किया। सेना की पैराट्रूपर्स टीम के 75 स्काई डाइवर्स आज 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के तहत आसमान से पैरा जम्पिंग करके जमीन पर उतरे।

# तेजस्वी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

## जतीय जनगणना कराए जाने की मांग की




**पटना** ■ एजेंसियां/डेस्क

बिहार में जातीय जनगणना को लेकर सियासत में आया उबाल शांत होने के नाम नहीं ले रहा है। इस बीच, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर जातीय जनगणना कराने की मांग की है। तेजस्वी ने अपने पत्र में लिखा है कि अगर जातिगत जनगणना नहीं कराई जाएगी, तो पिछड़ी जातियों की शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति का न तो सही आकलन हो सकेगा और नहीं उनकी बेहतरी और उत्थान संबंधित समुचित नीति निर्धारण हो पाएगा।

तेजस्वी ने आगे कहा कि जनगणना नहीं होने की स्थिति में उनकी संख्या के अनुपात में बजट का आवंटन भी नहीं होगा।

पत्र में तेजस्वी ने जिक्र करते हुए कहा कि 90 साल पहले जातिगत जनगणना 1931 में हुई थी। इस कारण अब यह समय और बहुसंख्यक आबादी की मांग है। तेजस्वी ने यह भी बताया कि इस मांग और प्रस्ताव पर भाजपा सहित बिहार के सभी राजनीतिक दल विधानसभा में निर्वाचित सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सर्वसम्मति से एक स्वर में दो बार इसका प्रस्ताव पास करवाकर केंद्र सरकार को भेजा गया है।

तेजस्वी ने पत्र में कहा है कि 2019 में तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने भी देश को 2021 में जातीय जनगणना कराने का ठोस आश्वासन दिया था।

# महाराष्ट्र में मिले 6686 नए कोरोना संक्रमित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोरोना के 6686 नए संक्रमित मरीज मिले, जबकि बीते 24 घंटे में 158 कोरोना मरीजों की मौत हुई है। सूबे में फिलहाल कोरोना के कुल 63004 कोरोना मरीजों का इलाज जारी है। इनमें मुंबई में 3137 एक्टिव कोरोना मरीज शामिल हैं। नागपुर मंडल में आज 14 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं।

स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि राज्य में आज 5861 कोरोना मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौटे हैं। राज्य में अब तक 50545552 लोगों की कोरोना जांच की गई और इनमें से 6382076 कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इनमें से 6180871 कोरोना संक्रमित पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं।

## Morning Glory Leasing and Finance Limited

CIN : L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House, 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email Id: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

**Statement of Standalone Un-audited Financial Results for the Quarter ended June 30, 2021**

(₹ in lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended | |
|---|---|---|---|
| | | 30-06-2021 Unaudited | 30-06-2020 Unaudited |
| 1 | Total income from Operations | 1.25 | 1.25 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax before Exceptional items) | 0.36 | 0.01 |
| 3 | Net Profit for the period (before Tax after Exceptional items) | 0.36 | 0.01 |
| 4 | Net Profit for the period (after Tax after Exceptional items) | 0.27 | 0.01 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 105.64 | 25.77 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each) | 24.90 | 24.90 |
| 7 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each)(Not Annualised) | | |
| | 1. Basic | 42.53 | 10.35 |
| | 2. Diluted | 42.53 | 10.35 |

NOTES :
1. The above Standalone Un-audited Financial Results for the quarter ended June 30, 2021, have been limitedly reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on August 13, 2021. The Statutory auditors have expressed an unmodified audit opinion.
2. The above is an extract of the format of Un-audited quartlerly Financial Results filed with the Stock Exchange under the Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of Un-audited quartlerly Financial Results are available on the Stock Exchange's website i.e. www.msei.in and on the Company's website i.e. www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact(s) on the net profit / loss and total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 13th August 2021

# मुस्लिम शख्स की पिटाई मामले में कानपुर पुलिस आयुक्त को नोटिस

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक मुस्लिम शख्स के साथ हुई मारपीट की घटना का संज्ञान लेते हुए वहां के पुलिस आयुक्त को नोटिस भेजकर दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

आयोग की निदेशक ए. धनलक्ष्मी ने शुक्रवार को कानपुर के पुलिस आयुक्त को नोटिस भेजकर पूरी घटना और उसके बाद की कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ ही आयोग ने यह भी पूछा है कि घटना में कितने लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनके खिलाफ किस धारा में कार्रवाई की गई है।




पुलिस आयुक्त को भेजे नोटिस में आयोग ने यह भी पूछा है कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसकी रोकथाम के लिए क्या उपाय किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों कानपुर में एक मुस्लिम शख्स के साथ मारपीट और जबरन धार्मिक नारे लगाने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। आयोग ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए कानपुर के पुलिस आयुक्त से रिपोर्ट मांगी है।

## Nidhi Services Limited

Regd. Off : 5/19-B, Roop Nagar, Delhi - 110007
Tel.: 011-43215145, Mobile: 09811021216, CIN : L65999DL1984PLC018077, E-mail: nidhiservicesltd@gmail.com

**Extract of Standalone Un-Audited Financial Results of the Quarter ended on 30th June, 2021**

Amount (Rs. In Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Current Quarter ending 30-Jun-21 | Previous year ending 31-Mar-21 | Corresponding 3 months ended in the previous year 30-Jun-20 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 37.26 | 26.03 | 7.08 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 2.23 | 12.55 | 4.56 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items and/or Extraordinary items#) | 35.03 | 12.55 | 4.56 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 34.03 | 11.10 | 3.56 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 34.03 | 44.24 | 3.56 |
| 6 | Equity Share Capital | 150.00 | 150.00 | 150.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | 288.15 | | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1) Basic: | 2.27 | 0.74 | 0.24 |
| | 2) Diluted: | 2.27 | 0.74 | 0.24 |

The above results were reviewed by the Audit Committee and thereafter taken on record by the Board in its meeting held on August 12, 2021 and also Limited Review were carried out by the Statutory Auditors.

Note
a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI ( Listing Obligations and Disclosure Requirments) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's Website i.e (www.nidhiservicesltd.com) and on the website of the Stock Exchange (www.cse-india.com) and (http://www.msei.in/index.aspx).

For Nidhi Services Limited
Sd/-
Udit Agarwal
Whole Time Director
DIN: 00239114

Place : Delhi
DATE : 12.08.2021

## FORTUNE INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED

Regd. Office:- 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi-110001
Tel. No.: 011-43585000, Fax: 011-43585015, E-mail: firl.nbfc@gmail.com
Website: www.firl.co.in, CIN: L51503DL1986PLC024329

**Unaudited Standalone Financial Results for the Quarter Ended 30th June, 2021**
Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR), 2015 (Rs. In Lacs)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Year Ended |
| | | 3 Months ended 30.06.2020 Unaudited | 3 Months ended 30.06.2020 Unaudited | 12 Months ended 31.03.2021 audited |
| 1. | Total Income from Operations | 13.25 | 8.80 | 29.93 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 1.02 | 1.05 | (8.14) |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1.02 | 1.05 | (8.14) |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.18) | (1.04) | (13.62) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after tax) | (1.18) | (1.04) | 464.58 |
| 6. | Equity Share Capital (face value of Rs.10/- per share) | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) for continuing and discontinuing operations) | | | |
| | Basic: | (0.12) | (0.10) | (1.36) |
| | Diluted: | (0.12) | (0.10) | (1.36) |

Notes :
1. The above is an extract of the detailed format of the standalone financial results for the quarter ended on 30th June, 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of standalone financial results is available on the Stock Exchanges' websites-(www.msei.in) and the Company's website (www.firl.co.in).
2. The above un-audited financial results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved at the meeting of the Board of Directors held on 12th August, 2021.

By order of the Board of Directors For and on behalf of
Fortune Industrial Resources Limited
Sd/-
Nishant Goyal
Whole Time Director
DIN:08153024

Place : Delhi
Date : 12.08.2021

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर एक जुलाई 2022 से लगेगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने एक जुलाई, 2022 तक भारत को सिंगल-यूज प्लास्टिक-मुक्त बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। पर्यावरण मंत्रालय ने प्लास्टिक कूड़ा प्रबंधन के संशोधित नियमों की अधिसूचना जारी कर दी है। इन नियमों के तहत अब 30 सितंबर, 2021 से 50 माइक्रोन की प्लास्टिक पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। इसकी जगह अब 120 माइक्रोन मोटाई वाले प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल हो सकेगा। देश भर में बड़े पैमाने पर प्लास्टिक कचरे के खतरे से निपटने की मांग के लिए नियमों को सख्त बनाया गया है। मौजूदा समय में 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाले बैग पूरी तरह प्रतिबंधित है। अगले साल 31 दिसंबर से 75 माइक्रोन से कम मोटाई के पॉलीथीन बैग और 120 माइक्रोन से कम के बैग पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।

# भिवानी: एक दिवसीय परीक्षा 18 से

## एक से अधिक विषयों व डीएलएड परीक्षा 19 अगस्त से

■ संजय लौर

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं कक्षा की एक दिवसीय परीक्षा 18 अगस्त को तथा एक से अधिक विषयों तथा डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षा का आयोजन 19 अगस्त से करवाया जा रहा है।

शुक्रवार को बोर्ड मुख्यालय पर आयोजित बैठक में बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह ने प्रश्न-पत्र उडऩदस्तों के संयोजक व पूर्ण समय के लिए नियुक्त ऑब्जर्वर को परीक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर बोर्ड उपाध्यक्ष वीपी यादव, संयुक्त सचिव पीके शर्मा व उप-सचिव भी उपस्थित रहे। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि 10वीं व 12वीं की एक दिवसीय परीक्षा एवं एक से अधिक विषयों की परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से सायं 4:30 बजे तक रहेगा। इन परीक्षाओं के लिए प्रदेश में 22 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जोकि प्रत्येक जिला स्तर पर एक-एक है।

उन्होंने बताया कि डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षा का समय प्रातःकालीन सत्र में 9:30 बजे से 12:30 बजे तक तथा सायंकालीन सत्र में दो बजे से पांच बजे तक रहेगा। कोविड-19 से बचाव हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में 18 परीक्षार्थी ही बैठाएं जाएगें। इन सभी परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में 76 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

# सिद्धू-कैप्टन खेमे में नए सिरे से बढ़ा टकराव

## सिद्धू समर्थक विधायक हाईकमान से मिलने दिल्ली पहुंचे

**चंडीगढ़** ■ एजेंसियां/डेस्क

उम्मीद से पहले पंजाब की कांग्रेस सरकार और राज्य कांग्रेस संगठन में फिर टकराव बढ़ने लगा है। पंजाब विधानसभा के सितम्बर माह में होने वाले संभावित सत्र में क्या-क्या एजेंडे होंगे, पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने तय करने शुरू कर दिए हैं। सत्र से पहले पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और प्रांतीय अध्यक्ष सिद्धू के मध्य होने वाली बैठक में एजेंडे की कॉपी मुख्यमंत्री को दी जाएगी और एक कॉपी पार्टी हाईकमान को सौंपी जाएगी।

दो दिनों पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह द्वारा पार्टी अध्यक्ष सोनिया गाँधी से मुलाकात के बाद आज सिद्धू खेमे के एक मंत्री और छह विधायक कांग्रेस पार्टी की समानांतर सत्ता राहुल व प्रियंका गाँधी से मिलने चले गए हैं।

हालांकि ये तय था कि मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह और नवजोत सिद्धू के मध्य छत्तीस का आंकड़ा है, परन्तु दो केंद्रों में बंटी कांग्रेस में सोनिया गाँधी ने कैप्टन का समर्थन किया तो राहुल-प्रियंका ने सिद्धू का समर्थन किया। जिसके बाद सिद्धू पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष बन गए। अपने पदभार ग्रहण समारोह में सिद्धू ने सबको साथ लेकर चलने की बात कही और बाद में खुद ही सरकार के एजेंडे तय करने लगे। जिसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी चलाना सिद्धू के हवाले है और सरकार कैसे चलानी है, ये उनका काम है।



पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद सिद्धू के निशाने पर जहाँ विपक्षी विशेष रूप से उनके राजनीतिक दुश्मन अकाली नेता रहे, वहीं उन्होंने अपनी ही कैप्टन सरकार को लगातार निशाने पर रखा हुआ है। बेशक सिद्धू ने वो मुद्दे अब उठाने कम कर दिए, जो मुद्दे वे पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष बनने से पूर्व उठाया करते थे।

पार्टी के सूत्र बताते हैं कि कैप्टन ने दो दिनों पूर्व दिल्ली में सोनिया गाँधी से मुलाकात में इस बात को रखा था कि ऐसे में पार्टी और सरकार के समक्ष चुनावों की तैयारी में परेशानी पैदा हो सकती है। सिद्धू को पार्टी हाईकमान ने इस बात के लिए इशारा भी कर दिया तो आज सिद्धू की तरफ से मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा और उनके साथ छह विधायक आज पार्टी हाईकमान से बात करने दिल्ली चले गए हैं।

पंजाब मंत्रिमंडल की बैठक स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन बाद 16 अगस्त को रखी गई है। इसी बैठक में पंजाब विधानसभा के सितम्बर में होने वाले संभावित सत्र का निर्णय होगा, वही मंत्रिमंडल में फेरबदल का निर्णय भी हो सकता है। फिलहाल पंजाब सरकार मे एक मंत्री पद रिक्त है जबकि पांच मंत्रियों के विभागों में फेरबदल हो सकती है। इसी बात को लेकर सिद्धू और कैप्टन धड़ा लॉबिंग में लगा हुआ है।

## रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नई समय-सारणी लागू होने की तिथि से निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ परिवर्तित रेल मार्ग से संचालित की जायेंगी:

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | आवृति | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | समाप्त किये जाने वाले ठहराव | नये प्रदान किये जाने वाले ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 12715/12716 नांदेड़ – अमृतसर जं. – नांदेड़ सचखंड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | अम्बाला कैंट जं. – सरहिन्द जं.–सानेह वाल | अम्बाला कैंट जं. – चण्डीगढ़ – सानेह वाल | राजपुरा जं., सरहिन्द जं. एवं खन्ना | ----- |
| 12751/12752 नांदेड़ – जम्मू तवी जं. – नांदेड़ हमसफर एक्सप्रेस | साप्ताहिक | अम्बाला कैंट जं. – सरहिन्द जं.–लुधियाना जं. | अम्बाला कैंट जं. – राजपुरा – धूरी लुधियाना जं. | ----- | पटियाला, धूरी एवं मलेरकोटला |
| 14011/14012 दिल्ली जं. – होशियारपुर – दिल्ली जं. एक्सप्रेस | प्रतिदिन | अम्बाला कैंट जं. – सरहिन्द जं.–सानेह वाल | अम्बाला कैंट जं. – चण्डीगढ़ – सानेह वाल | ----- | चंडीगढ़ |
| 14307/14308 प्रयागराज संगम – बरेली – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | प्रतिदिन | लखनऊ – रायबरेली – प्रतापगढ़ – फाफा मऊ जं. – प्रयाग | लखनऊ – रायबरेली – ऊँचाहार जं. – फाफा मऊ जं. – प्रयाग | रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, कासिमपुर हाल्ट, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., प्रतापगढ़ जं., भूपिया मऊ, बिशनाथ गंज, मऊ अमिया एवं सिवैथ | ऊंचाहार जं. |
| 14609/14610 ऋषिकेश – श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा – ऋषिकेश हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | अम्बाला कैंट जं. – सरहिन्द जं. – सानेह वाल | अम्बाला कैंट जं. – चण्डीगढ़ – सानेह वाल | सरहिन्द जं. | चंडीगढ़ |
| 14631/14632 देहरादून – अमृतसर जं. – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | अम्बाला कैंट जं. – सरहिन्द जं. – सानेह वाल | अम्बाला कैंट जं. – चण्डीगढ़ – सानेह वाल | राजपुरा जं., सरहिन्द जं. एवं खन्ना | चंडीगढ़ |
| 14649/14650 जयनगर – अमृतसर जं. – जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | सप्ताह में 3 दिन | मुरादाबाद – दिल्ली जं.– अम्बाला कैंट जं. | मुरादाबाद – सहारनपुर – अम्बाला कैंट जं. | अमरोहा, हापुड़, गाजियाबाद, दिल्ली जं., सब्जी मंडी, सोनीपत, पानीपत जं., करनाल एवं कुरुक्षेत्र जं. | सहारनपुर |
| 14673/14674 जयनगर – अमृतसर जं. – जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | सप्ताह में 4 दिन | मुरादाबाद – दिल्ली जं.– अम्बाला कैंट जं. | मुरादाबाद – सहारनपुर – अम्बाला कैंट जं. | अमरोहा, हापुड़, गाजियाबाद, दिल्ली जं., सब्जी मंडी, सोनीपत, पानीपत जं., करनाल एवं कुरुक्षेत्र जं. | सहारनपुर |
| 18101/18102 टाटानगर जं. – जम्मू तवी – टाटानगर जं. एक्सप्रेस | प्रतिदिन | अम्बाला कैंट जं. – सरहिन्द जं. – सानेह वाल | अम्बाला कैंट जं. – चण्डीगढ़ – सानेह वाल | अम्बाला सिटी एवं राजपुरा जं. | चंडीगढ़ |
| 19307/19308 इन्दौर जं. – चण्डीगढ़ – इन्दौर जं. एक्सप्रेस | साप्ताहिक | हज़रत निज़ामुद्दीन–नई दिल्ली – अम्बाला कैंट जं. | हज़रत निज़ामुद्दीन – मेरठ सिटी – अम्बाला कैंट जं. | पानीपत जं. एवं नई दिल्ली | मेरठ सिटी एवं सहारनपुर |
| 19805/19806 कोटा जं. – उधमपुर – कोटा जं. एक्सप्रेस | साप्ताहिक | नई दिल्ली – अम्बाला कैंट जं. – राजपुरा जं. – लुधियाना | नई दिल्ली – शकूरबस्ती – रोहतक – जाखल – धूरी – लुधियाना | सोनीपत, पानीपत जं., करनाल, कुरुक्षेत्र एवं अम्बाला कैंट जं. | रोहतक, जाखल एवं धूरी |
| 54075/54076 सीतापुर सिटी – दिल्ली जं. – सीतापुर सिटी पैसेंजर | प्रतिदिन | सीतापुर सिटी – बरेली – रामपुर – मुरादाबाद – गाजियाबाद | बरेली – चन्दौसी – मुरादाबाद – गाजियाबाद | 28 स्टेशन (मुरादाबाद – सीतापुर सिटी के बीच सभी ठहराव) | बरेली, रामगंगा, बशारतगंज, निसोई, आँवला, रेवती बहोड़ा खेड़ा, करेंगी, दबतरा, पुरुआ खेरा, आसफपुर, सीसरका, चंदौसी, गुमथल, कुआखेड़ा हॉल्ट, जरगांव, राजा का सहसपुर, कुंदरकी, फरहेड़ी, मछरिया एवं मुरादाबाद |
| 54471/54472 दिल्ली जं. – ऋषिकेश – दिल्ली जं. पैसेंजर | प्रतिदिन | लक्सर – सहारनपुर | लक्सर – टपरी | लक्सर एवं सहारनपुर | - |
| 54475/54476 दिल्ली जं. – हरिद्वार – दिल्ली जं. पैसेंजर | प्रतिदिन | दिल्ली जं. – सहारनपुर – लक्सर – हरिद्वार | दिल्ली जं. – टपरी – लक्सर – हरिद्वार | सहारनपुर एवं लक्सर | - |
| 64516 नंगल डैम – अम्बाला कैंट जं. मेमू | प्रतिदिन | मोरिंडा – सरहिन्द – अम्बाला कैंट जं. | मोरिंडा – चण्डीगढ़ – अम्बाला कैंट जं. | न्यू मोरिंडा – नोगांवां, बस्सी पठाना, फतेहगढ़ साहिब, सरहिंद जं., साधूगढ़, सराय बंजारा, राजपुरा जं., शम्भू एवं अम्बाला सिटी | खरड़, साहिबजादा अजीत सिंह नगर, चंडीगढ़, घग्घर, दप्पर, लालरू एवं धुलकोट |

नोटः नई समय सारणी लागू होने की तिथि बाद में घोषित की जाएगी

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट http://www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

नोटः रेलगाड़ियों और रेलवे स्टेशनों पर सामाजिक दूरी व सैनिटाइजेशन आदि सहित कोविड-19 से संबंधित राज्य एवं केन्द्र सरकार के सभी नियमों और सभी सावधानियों का पालन करना अनिवार्य है।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ